संपादकीय

# युवाओं को बेहतर भविष्य संजोने का मौका

कारगिल विजय दिवस पर छह राज्यों की भाजपा सरकार ने अग्निवीरों को तोहफा दिया है। गुजरात, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, ओडिशा, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों द्वारा यह जानकारी दी गई है।

अग्निवीर जब सेना की अपनी सेवा के बाद वापस लौटेंगे तो उन्हें पुलिस और पीएसी में प्राथमिकतानुसार समायोजित किया जाएगा।

अग्निवीर योजना केंद्र सरकार की ड्रीम योजनाओं में से है, यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2022 में शुरू की गई थी। इसके तहत 17 से 21 साल की आयु वाले युवाओं को भारतीय सेना में चार साल के लिए सेवा का अवसर दिया जा रहा है।

आर्मी, नेवी और एयर फोर्स में सैनिक स्तर पर भर्ती के लिए अग्निवीर योजना को लागू किया गया है। आम चुनाव के दौरान विपक्ष ने इस योजना को विशेष तौर से निशाने पर रखा था और इसे लगातार रद्द करने की मांग कर रहा है। लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सत्ता में आने के बाद इसे बंद करने की बात करते हैं।

हालाकि सरकार बार-बार इस योजना को लेकर दलील देती रही है कि कुछ राजनीतिक दल इस तरह की बातों से युवाओं को गुमराह कर रहे हैं। अग्निवीरों के लिए आरक्षण की इस घोषणा के पीछे यही दबाव माना जा रहा है।

चूकि ये अल्पकालिक सेवाएं हैं, इसलिए कहा जा रहा है कि चार साल बाद ये सेवामुक्त अग्निवीर पुन: बेरोजगार हो जाएंगे। इसलिए सरकार ने इन्हें निश्चित आरक्षण देकर इस विवाद को संभालने का प्रयास किया है। हालाकि कुछ समय पूर्व ही गृह मंत्रालय द्वारा पूर्व अग्निवीरों के लिए केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में दस फीसद पद आरक्षित करने का भी ऐलान किया गया है।

साथ ही, अग्निवीरों में से पच्चीस प्रतिशत को पंद्रह सालों तक सेवा में बनाए रखने का प्रावधान भी जोड़ा गया। देश में बढ़ती जा रही बेरोजगारी सरकार के लिए कड़ी चुनौती बनती जा रही है। दूसरे, बहुत बड़ा वर्ग सेना में नियुक्ति को लेकर विशेष उत्सुक रहता है।

उसे प्राप्त होने वाला यह मौका सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता। सेना में केवल चार वर्षो के सेवाकाल के उपरांत इन प्रशिक्षित युवाओं का इससे बेहतर इस्तेमाल नहीं हो सकता। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि ये योजनाएं युवाओं को बेहतर भविष्य संजोने का मौका देने वाली साबित हो सकती हैं बशत्रे अग्निवीर को चार साल के कार्यकाल के बाद अवसरों के दरवाजे बंद न हों।

# पेट्रोल नहीं अब गन्ने के रस से चलेंगी गाड़ियां, नितिन गड़करी का ऐलान

**मुंबई**



अगर अगर देश में दिनोंदिन बढ़ते पेट्रोल और डीजल के दामों से परेशान हैं तो हम आपके लिए एक खुशखबरी लेकर आए हैं. खुशखबरी यह है कि अब आपकी कार और बाइक पेट्रोल से नहीं, बल्कि गन्ने के जूस से चलेगी. यह हम नहीं, बल्कि केंद्र सरकार कह रही है. केंद्रीय सडक़ व परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का कहना है कि जल्द ही गन्ने के जूस से चलने वाले गाडिय़ां भारतीय बाजारों में दिखाई देने वाली हैं. उन्होंने कहा कि अब तक पेट्रोल में गन्ने के जूस से बनने वाले इथेनॉल की सीमित मात्रा मिलाई जाती थी, लेकिन अब 100 प्रतिशत इथेनॉल पर गाडिय़ां चलेंगी.

इसका प्रदूषण जीरो है

नितिन गडकरी ने कहा कि वर्ल्ड की पहले ही इन्नोवा गाड़ी है टोयोटा की जो फ्लेक्स इंजन में है, यूरो सिक्स के एमिशन नॉर्म्स को कंप्लाय करती है. इसका प्रदूषण जीरो है, जो गन्ने के जूस से, ब्रोकेन राइस से और मक्के से जो इथेनॉल बनता है, वो 100% इथेनॉल पे चलती है और इसकी विशेषता ये है की पेट्रोल की तुलना में अगर एवरेज की तुलना करें तो इसका रेट ?25 प्रति लीटर आता है.

किसानों द्वारा तैयार किया जाता है गन्ना

इथेनॉल स्वदेशी है किसानों ने तैयार किया है. अब इसके बाद टोयोटा सुजुकी और टाटा ये सब फ्लेक्स इंजन ला रहे है. बजाज टीवीएस और हीरो इन्होंने फ्लेक्स इंजन की स्कूटर और मोटरसाइकिल लाई है. अब जैसे पेट्रोल के पंप होंगे, वैसे किसानों ने बनाये हुए इथेनॉल के पंप होंगे. केंद्रीय सडक़ व परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि हमारा इंपोर्ट 16,00,000 करोड़ का है. प्रदूषण इतना हो रहा है ये करने से प्रदूषण खत्म हो जायेगा. पैसे बचेंगे और विशेष रूप से किसानों को इसका फायदा होगा. अब ये अभी औरंगाबाद में अभी आपने सुना होगा 5 दिन पहले की टोयोटा कंपनी ने फैक्टरी के लिए औरंगाबाद को अपना सेंटर चुना है.

20,000 करोड़ की इन्वेस्टमेंट कर रही ये कंपनी

कंपनी यहां पर 20,000 करोड़ की इन्वेस्टमेंट करने जा रही है. जहां तक मोटरसाइकिल और स्कूटर की बात है बजाज टी वीएस हीरो इन्होंने ऑलरेडी बनाया. नितिन गडकरी ने कहा कि अब पेट्रोल में 20% इथेनॉल बिल्डिंग होता है. ये ऑलरेडी है ये 100% इतना होता है. वर्ल्ड में पहले ही इन्नोवा गाड़ी हैं टोयोटा की जो फ्लेक्स इंजन में और यूरो सिक्स के इमिशन नॉर्म्स को कंप्लाय करती हैं.

# तीन करोड़ निवेशकों ने लगाए 27 हजार करोड़; वित्त मंत्री बोलीं- अब तक 138 करोड़ रुपए रिफंड हुए

**नई दिल्ली**



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में बताया कि गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) सहारा समूह की कंपनियों से संबंधित मामले की विस्तृत जांच कर रहा है और इसकी रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सहारा की कंपनियों में 3.07 करोड़ निवेशक हैं। इन्होंने 27,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है। अब तक 19,650 निवेशक ही रिफंड के लिए आगे आए हैं। इनमें से 17,250 दावों का निपटारा कर दिया गया है, जबकि बाकी आवेदकों को और कागजात उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। अब तक दावेदारों को 138.07 करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं। सीतारमण ने बताया कि सहारा समूह के संपूर्ण मामलों की निगरानी सुप्रीम कोर्ट की ओर से की जा रही है और सरकार शीर्ष अदालत के निर्देशों के अनुसार काम कर रही है। प्रश्नकाल के दौरान उन्होंने बताया कि यह सच है कि केवल छोटे निवेशक ही रिफंड का दावा करने के लिए आगे आए हैं। एसएफआईओ पूरे मामले की जांच कर रहा है। वह यह भी देख रहा है कि सभी निवेशक रिफंड का दावा करने के लिए आगे क्यों नहीं आए और वे कहां हैं। मंत्री ने कहा कि एसएफआईओ के विस्तृत विश्लेषण के बाद पूरी तस्वीर साफ हो जाएगी और कार्रवाई की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार चाहकर भी सहारा समूह की कंपनियों के मामले में कुछ नहीं कर सकती, क्योंकि हर चीज पर सुप्रीम कोर्ट की नजर है। हम लगातार सुप्रीम कोर्ट को रिपोर्ट कर रहे हैं।

# एलआईसी ने पहली तिमाही में खरीदे 17 हजार करोड़ रुपए के शेयर

**नई दिल्ली**

देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में 17 हजार करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। एलआईसी घरेलू शेयर बाजार में सबसे बड़ा संस्थागत निवेशक है। उसने यह खरीदारी ऐसे समय पर की जब शेयर बाजार में तेजी माहौल था और बड़ी संख्या में खुदरा निवेशक और घरेलू संस्थागत निवेशक बाजार में निवेश कर रहे थे। अप्रैल-जून की अवधि में म्यूचुअल फंडों ने 1.1 लाख करोड़ रुपये, बीमा कंपनियों ने 5,035 करोड़ रुपये और बैंकों ने 628 करोड़ रुपये की शुद्ध खरीदारी की। खुदरा निवेशकों ने 39,278 करोड़ रुपये की खरीदारी की है। हालांकि, विदेशी निवेशकों ने तिमाही के दौरान 8,495 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की। इससे पहले एलआईसी ने जनवरी-मार्च तिमाही में 44,500 करोड़ रुपये और अक्टूबर-दिसंबर (2023) तिमाही में 6,260 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे थे।

# चालू वित्त वर्ष में 7.2प्रतिशत तक रहेगी आर्थिक वृद्धि दर

**नई दिल्ली**



देश की अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में 7 से 7.2 फीसदी तक बढ़ सकती है। डेलॉय ने एक रिपोर्ट में कहा, मजबूत अर्थव्यवस्था व नीतियों में लगातार सुधार से जीडीपी मजबूत बनी रहेगी। डेलॉय ने सोमवार को कहा, कृषि उत्पादकता में सुधार, युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने और विनिर्माण क्षेत्र में एमएसएमई के लिए वित्त तक पहुंच की चुनौती को हल करने की दिशा में बजट में कई पहल की गई हैं। साथ ही, आपूर्ति की मांग में सुधार, महंगाई पर अंकुश लगाने और विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ता खर्च को बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। पश्चिमी केंद्रीय बैंकों की आसान मौद्रिक नीति से वैश्विक तरलता में सुधार से पूंजी प्रवाह में वृद्धि होगी।

**एएमसी को फ्रंट रनिंग रोकने के लिए बनाने होंगे नियम-** बाजार नियामक सेबी ने म्यूचुअल फंड की एसेट मैनेजमेंट कंपनियों (एएमसी) से कहा है कि वे प्रतिभूतियों में फ्रंट-रनिंग व भेदिया कारोबार की पहचान करने के साथ ऐसी गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए एक संस्थागत तंत्र स्थापित करें। साथ ही, व्हिसलब्लोअर तंत्र भी बनाएं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने इस संबंध में म्यूचुअल फंड नियमों में संशोधन किया है, जो एक नवंबर से लागू होंगे। यह निर्णय एक्सिस एएमसी और एलआईसी से जुड़े फ्रंट-रनिंग मामलों के संबंध में दो आदेश पारित करने के बाद आया है। इसके तहत एएमसी के एमडी-सीईओ या वरिष्ठ अधिकारी ऐसे तंत्रों को अमल में लाने के लिए जिम्मेदार होंगे।?

**गूगलपे व अन्य कंपनियां डिजिटल मुद्रा पायलट में -** गूगलपे, फोनपे, क्रेड, मोबिक्विक और अमेजन पे भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिजिटल मुद्रा पायलट में शामिल होना चाहती हैं। केंद्रीय बैंक ने दिसंबर, 2022 में भौतिक मुद्रा के डिजिटल विकल्प ई-रुपये के लिए पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया था।

# तीसरे वनडे में रचेंगे नया इतिहास : कोहली के निशाने पर सचिन तेंदुलकर का सबसे बड़ा रिकॉर्ड

**नईदिल्ली**



पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली के लिए श्रीलंका वनडे सीरीज कुछ खास नहीं रही है. उन्होंने 2 मैच खेले हैं और दोनों ही मैचों में वह बड़ी पारी खेलने में नाकामयाब रहे. ऐसे में अब तीसरे वनडे मैच में विराट कोहली से एक बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी. वहीं, यदि कोहली इस मैच में 78 रन बना लेते हैं, तो मास्टर-ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर के साथ एक स्पेशल क्लब में शामिल हो जाएंगे.

श्रीलंका के साथ खेले जाने वाले तीसरे वनडे मैच में अगर विराट कोहली बड़ी पारी खेलते हैं, तो वह 50 ओवर फॉर्मेट में 14000 रन पूरे कर लेंगे. कोहली को 114 रन की दरकार हैं और वनडे में इतने रन बनाते ही वह महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और कुमार संगकारा को पीछे छोड़ देंगे.

आपको बता दें, सचिन तेंदुलकर और कुमार संगाकारा ने क्रमश: 350 और 378 पारियों में 14 हजार रन बनाए हैं. अब अगर कोहली 114 रन (282 पारी) बना लेते हैं, तो वह वनडे क्रिकेट में सबसे तेज 14000 रन बनाने वाले प्लेयर बन जाएंगे. भारत और श्रीलंका के बीच तीसरा वनडे मैच आर.प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा. जहां, एक बार फिर सभी की नजरें कोहली पर होंगी. विराट ने श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे में 24 और दूसरे वनडे में 14 रन बनाए. अब तीसरा मुकाबला 7 अगस्त को खेला जाएगा, जिसमें विराट से बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी. यदि इस मैच में विराट 78 रन बना लेते हैं, तो वह इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने 27000 रन पूरे कर लेंगे.

इंटरनेशनल क्रिकेट में अब तक ये कारनामा सिर्फ 3 ही क्रिकेटर कर सकें हैं, जिसमें भारत की तरफ से सचिन तेंदुलकर, श्रीलंका के कुमार संगकारा और ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग का नाम शामिल हैं. वहीं, विराट कोहली ने इंटरनेशनल क्रिकेट में अभी तक 26,992 रन बना लिए हैं और 78 रन बनाते ही वह इस स्पेशल क्लब में शामिल हो जाएंगे और इंटरनेशनल क्रिकेट में 27000 रन बनाने वाले चौथे क्रिकेटर बन जाएंगे.

आर. प्रेमदासा क्रिकेट स्टेडियम में विराट कोहली के रिकॉर्ड की बात करें, तो उन्होंने कुल 12 पारियों में बल्लेबाजी की है. इस दौरान उन्होंने 85.25 के औसत से 682 रन बनाए हैं. इस मैदान पर इनका हाईएस्ट स्कोर 131 रनों का है, वहीं प्रेमदासा स्टेडियम में विराट के बल्ले से 4 शतक और 1 अर्धशतक निकला है. वहीं, किंग कोहली ने सिर्फ वनडे फॉर्मेट में 53 पारियों में 10 शतक और 12 अर्धशतकों की मदद से 2632 रन बनाए हैं.

# पीकेएल 11: पवन सेहरावत, प्रदीप नरवाल जैसे स्टार खिलाड़ी भी नीलामी में शामिल

**मुंबई**



प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) ने मंगलवार को सीजन 11 के लिए एलीट रिटेन प्लेयर्स, रिटेन युवा प्लेयर्स और मौजूदा नए युवा प्लेयर्स की घोषणा की, जिसमें पवन सेहरावत, प्रदीप नरवाल समेत कई अन्य स्टार खिलाड़ी शामिल हैं।

जिन खिलाडिय़ों को रिटेन नहीं किया गया है, उसमें सहरावत और नरवाल के अलावा मनिंदर सिंह, फजल अत्राचली और मोहम्मदरेज़ा शादलौई चियानेह शामिल हैं। ऑक्शन 15 और 16 अगस्त को मुंबई में होगा।

प्रत्येक फ्रेंचाइजी ने खिलाडिय़ों के एक मजबूत कोर ग्रुप को बरकरार रखा है। पीकेएल सीजन 11 की प्लेयर ऑक्शन में कई धाकड़ और तगड़े खिलाड़ी शामिल हैं। इन खिलाडिय़ों का नाम देखकर साफ पता चल रहा है कि इस बार ऑक्शन काफी रोमांचक होने वाला है।

दबंग दिल्ली ने अपनी रेडर जोड़ी आशु मलिक और नवीन कुमार को रिटेन किया है। इस बीच, सीजन 10 में सबसे मूल्यवान खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने वाले असलम इनामदार को पुणेरी पल्टन ने रिटेन किया है।

इसके अलावा, जयपुर पिंक पैंथर्स ने अपने स्टार रेडर अर्जुन देशवाल को रिटेन किया है।

कुल 88 खिलाडिय़ों को तीन श्रेणियों में रिटेन किया गया, जिसमें 22 एलीट रिटेन प्लेयर्स (ईआरपी) श्रेणी से, 26 रिटेन युवा प्लेयर्स (आरवाईपी) श्रेणी से और 40 मौजूदा नए युवा खिलाड़ी (ईएनवाईपी) से हैं।

पीकेएल सीजन 11 की खिलाड़ी नीलामी में घरेलू और विदेशी खिलाडिय़ों को चार श्रेणियों में बांटा गया है, श्रेणी ए, बी, सी और डी।

खिलाडिय़ों को प्रत्येक श्रेणी में ऑल-राउंडर, डिफेंडर और रेडर्स के रूप में आगे बांटा जाएगा। प्रत्येक श्रेणी के लिए बेस प्राइस (श्रेणी ए 30 लाख रुपये), (श्रेणी बी 20 लाख रुपये), (श्रेणी सी 13 लाख रुपये), (श्रेणी डी 9 लाख रुपये) हैं।

# विक्की-तृप्ति की फिल्म बैड न्यूज ने फिर पकड़ी रफ्तार, 60 करोड़ से इंचभर दूर है फिल्म



विक्की कौशल की फिल्म बैड न्यूज सिनेमाघरों में रिलीज का तीसरा सप्ताह चल रहा है और यह दर्शकों के बीच अपनी पकड़ मजबूत बनाए हुए है।तृप्ति डिमरी और एमी विर्क ने भी इस फिल्म में अपनी अदाकारी का तडक़ा लगाया है।यह तिकड़ी दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। इसके बावजूद बैड न्यूज बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।हालांकि, वीकेंड पर एक बार फिर इस फिल्म ने अपनी रफ्तार पकड़ी है।

अब बैड न्यूज की 17वें दिन की कमाई के आंकड़े भी सामने आ गए हैं, जिसमें बढ़ोतरी देखने को मिली है।लाखों में सिमटी इस फिल्म की कमाई एक बार फिर करोड़ों में कारोबार कर रही है।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, बैड न्यूज ने अपनी रिलीज के 17वें दिन यानी तीसरे रविवार को 1.40 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 59.90 करोड़ रुपये हो गया है।

अब विक्की फिल्म छावा में नजर आएंगे। इस फिल्म में उनकी जोड़ी अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा।छावा में विक्की छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे संभाजी राजे का किरदार निभा रहे हैं।तप्ति के पास कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 3 है, जो 12 नवंबर, 2024 को रिलीज होगी।उधर, एमी जल्द खेल खेल में दिखाई देंगे। यह फिल्म आगामी 15 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

# देवरा का दूसरा गाना धीरे-धीरे जारी, जूनियर एनटीआर और जाह्नवी कपूर का दिखा रोमांटिक अंदाज



जूनियर एनटीआर और जाह्नवी कपूर स्टारर एक्शन ड्रामा फिल्म देवरा पार्ट 1 का दूसरा गाना धीरे-धीरे (हिंदी) रिलीज हो गया है. सॉन्ग धीरे-धीरे में जाह्नवी कपूर और जूनियर एटीआर के बीच खूबसूरत, लविंग और रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिल रही है. वहीं, गाने में जाह्नवी कपूर बोल्ड लुक फ्लॉन्ट कर रही हैं. यह पहली बार है जब जूनियर एनटीआर और जाह्नवी कपूर किसी फिल्म में साथ में काम कर रहे हैं.

देवरा पार्ट 1 के दूसरे गाने धीरे-धीरे पांच भाषाओं (तेलुगू, तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम) में रिलीज हुआ है. हिंदी में इसे शानदार सिंगर शिल्पा राव ने गाया है. इससे पहले वह शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण स्टारर मेगा ब्लॉकबस्टर फिल्म पठान का सॉन्ग बेशरम रंग गा चुकी हैं. वहीं, इस गाने को बोल कौसर मुनीर के हैं.

# पुष्पा 2 द रूल से आया बड़ा अपडेट, अल्लू अर्जुन क्लाइमैक्स के लिए शूट कर रहे ये दमदार सीन



पुष्पा 2 द रूल अपनी शूटिंग के आखिरी चरण में चल रही है. अल्लू अर्जुन फिल्म पुष्पा 2 द रूल में क्लाईमैक्स शूट कर रहे हैं. पुष्पा 2 द रूल का क्लाईमैक्स एक्शन से लबरेज है. पुष्पा 2 द रूल के मेकर्स ने इसकी जानकारी दी है. पुष्पा 2 द रूल की शूटिंग पर अपडेट जारी कर मेकर्स ने अल्लू अर्जुन के फैंस की बेताबी को बढ़ाने का काम किया है. पुष्पा 2 द रूल के एक्शन सीक्वेंस क्लाईमैक्स की जानकारी देते हुए मेकर्स ने एक छोटी की वीडियो क्लिप भी जारी की है. इस वीडियो क्लिप में अल्लू अर्जुन का रौबदार अंदाज देखने को मिल रहा है.

पुष्पा 2 द रूल के मेकर्स ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए लिखा है, पुष्पा 2 द रूल की शूटिंग चल रही है और क्लाईमैक्स के लिए एक्शन सीक्वेंस शूट हो रहा है. पुष्पा 2 द रूल 6 दिसंबर को वर्ल्डवाइड रिलीज होगी. बता दें, यह अपडेट उस वक्त में सामने आई है, जब पुष्पा 2 द रूल को लेकर बात बन रही थीं, अल्लू अर्जुन और फिल्म के डायरेक्टर सुकुमार के बीच अनबन हो गई है. हालांकि, मेकर्स ने इन सब बातों को अफवाह करार दिया था.

वहीं, पुष्पा 2 द रूल पहले 15 अगस्त 2024 को रिलीज होनी थी, लेकिन फिल्म अब 6 दिसंबर को रिलीज होने के लिए तैयार है, लेकिन मेकर्स ने अगस्त में फिल्म तो नहीं लेकिन इससे जुड़ी बड़ी हैप्पी अपडेट जरूर अल्लू अर्जुन के फैंस को दी है. बता दें, अल्लू अर्जुन और सुकुमार लंबे समय से फिल्म की शूटिंग में लगे हुए हैं.


# शब्द सामर्थ्य- 141

**बाएं से दाएं :**

1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरैया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संस्था 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**

1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 140 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | ■ | सा | म | ना | ■ | कै | दी |
| व | ■ | ख | ल | ना | य | क | ■ | वा |
| लं | प | ट | ■ | ना | क | क | ट | ना |
| बी | ■ | प | ■ | ■ | ■ | ड़ी | ■ | प |
| ■ | अ | ट | प | टा | ■ | ■ | शा | न |
| स | ह | ■ | यो | ■ | ■ | र | ति | ■ |
| ह | म | ■ | द | र | ब | द | र | ■ |
| म | क | र | ■ | सी | ल | ■ | ■ | ■ |
| त | ■ | क्षा | ■ | द | वा | खा | ना | ■ |

# सू-दोकू- 141

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.140 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# आज का राशिफल

***मेष-*** आज आपका दिन शानदार रहेगा। व्यापार में साझेदारी से लाभ हो सकता है। माता-पिता के साथ रिश्ते मधुर होंगे। पारिवारिक रिश्तों में भी मधुरता बरकरार रहेगी। आपको जीवनसाथी से पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा।

***वृष-*** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ रहेगा। आपका आर्थिक पक्ष काफी मजबूत रहेगा। पर्यटन से जुड़े लोगों को धन लाभ होगा। आप खुद को उर्जावान महसूस करेंगे।

***मिथुन-*** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आप अपने काम में किसी मित्र का सहयोग ले सकते हैं। धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता के नए आसार खुल सकते हैं। आज किसी जिम्मेदारी को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए।

***कर्क-*** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज आपके सारे जरूरी कामकाज पूरे हो जायेंगे। पैसों के मामले में लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना चाहिए। आपका खर्च बढ़ सकता है।

***सिंह-*** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप अपने जीवन में कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान आज निकल सकता है, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।

***कन्या-*** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। करियर को बढ़ाने के लिए आज आपको नये अवसर मिलेंगे। जीवनसाथी के साथ डिनर करने जा सकते है। साथ ही रिश्तों में पॉजिटिविटी भी आयेगी। कामकाज में सफलता मिलेगी। दोस्तों से फायदा मिलने की उम्मीद है।

***तुला-*** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज आपका ध्यान अपने कार्य को पूरा करने में लगा रहेगा। ऑफिस में किसी काम को लेकर थोड़ा विचार-विमर्श करना पड़ सकता है। इस राशि के छात्रों का दोस्तों के साथ मेल-जोल बढ़ सकता है।

***वृश्चिक-*** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज जो भी काम आप शुरू करेंगे उसे समय से पूरा कर लेंगे। आपकी कल्पना शक्ति आपके लक्ष्य प्राप्ति में सहायता कर सकती है। लेन-देन के लिए आज का दिन अच्छा है।

***धनु-*** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। इस राशि के लोगों को कारोबार बढ़ाने के लिए किसी दूसरे व्यक्ति से बेहतर सुझाव मिलेगा। पैसों के संबंध में अच्छी खबर मिलेगी कामकाज से भी जुड़ी कोई अच्छी खबर मिल सकती है।

***मकर-*** आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। आप परिवार वालों के साथ किसी ट्रिप का प्लान बना सकते हैं। आज आप अपने जीवनसाथी के साथ समय बिता सकते है, इससे आपके रिश्ते और बेहतर होंगे।

***कुंभ-*** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। किस्मत का पूरा-पूरा सहयोग आज आपको मिलेगा। कारोबारियों को लाभ होगा। छात्रों के लिए आज का दिन बढ़िया है। करियर में कोई बड़ी सफलता हासिल होगी।

***मीन-*** आज आपका दिन ठीक रहेगा। आपके मन में किसी बात को लेकर उत्साह रह सकता है। कार्यक्षेत्र में अचानक काम का दबाव बढ़ सकता है। काम पूरा करने के लिए शायद आपको पर्याप्त समय न मिल पाये। परेशान होने के बजाय धैर्य बनाये रखना चाहिए।